संसद सदस्यों ने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 31 अक्तूबर, 2019: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; केन्द्रीय रक्षा मंत्री, श्री राज नाथ सिंह; राज्य सभा में विपक्ष के नेता, श्री गुलाम नबी आजाद; युवक कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्री किरेन रिजीजू, जल शक्ति मंत्रालय तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्री रतन लाल कटारिया और पूर्व उप-प्रधान मंत्री, श्री लाल कृष्ण आडवाणी ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य विशिष्टजनों में अनेक संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे। लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और राज्य सभा के महासचिव, श्री देश दीपक वर्मा तथा लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय के अधिकारियों ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने 23 अप्रैल, 1958 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र का अनावरण किया था।